मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर
MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY : UDAIPUR

No.F./MLSU/General/2020-21/7722 Dated:-06.04.2021

आदेश

प्रमुख शासन सचिव, गृह, राजस्थान सरकार गृह (ग्रुप–9) विभाग के पत्रांक प. 33(2)गृह–9/2019 जयपुर, दिनांक 04.04.2021 एवं अधिष्ठाता परिषद् की बैठक दिनांक 05.04.2021 में कोविड–19 महामारी के मद्देनज़र लिए गए निर्णयानुसार निर्देशित किया जाता है कि :

1. महाविद्यालय/विश्वविद्यालय परिसर में छात्र–छात्राओं का अकारण प्रवेश अग्रिम आदेशों तक निषेध रहेगा। छात्र अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु विश्वविद्यालय की हेल्पलाईन की मदद ले सकेंगे अथवा संबंधित अधिकारी से दूरभाष/ई–मेल द्वारा अपनी समस्या अथवा कार्य की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। अत्यावश्यक होने पर ही छात्र संबंधित महाविद्यालय/विभाग/कार्यालय में बिना समूह व एसओपी गाईडलाइन की पालना करते हुए प्रवेश सुनिश्चित करेंगे। विश्वविद्यालय परिसर में ज्ञापन देना इत्यादि–इत्यादि कारणों से समूह में इकट्ठा होना पूर्णतया निषेध रहेगा। आदेश की पालना सुनिश्चित नहीं होने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

2. प्रथम वर्ष/प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं नियमित रूप से ऑनलाईन माध्यम से फैकल्टी सदस्यों द्वारा महाविद्यालय के संबंधित विभागों में निर्देशानुसार लगातार संचालित की जाएंगी। साथ ही, उक्त कक्षाओं के जिन विषयों में प्रायोगिक विषयों का प्रावधान है, वहां पूर्वानुमति प्राप्त करने के पश्चात् जारी रह सकेंगी।

3. संबंधित विभाग अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/पाठ्यक्रम निदेशक के दिशा–निर्देशानुसार किसी भी फैकल्टी/कर्मचारी/विद्यार्थी के कोरोना पॉज़िटिव पाये जाने पर संबंधित महाविद्यालय अधिकारी/अधिष्ठाता/कार्यालय/विभाग अपने स्तर पर उचित निर्णय लेकर कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे, जिसकी सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय को प्रेषित की जावेगी।

कुलसचिव

प्रतिलिपि:

1. समस्त अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर, अध्ययन, छात्र कल्याण, विज्ञान महाविद्यालय, वाणिज्य महाविद्यालय, विधि महाविद्यालय, सामाजिक एवं मानविकी महाविद्यालय, मो.ला.सु.वि. उदयपुर।
2. निदेशक, कम्प्यूटर सेंटर/प्रबंध अध्ययन संकाय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, ...।
4. वित्त नियंत्रक/परीक्षा नियंत्रक, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
5. केंद्रीय पुस्तकालय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
6. निजी सचिव, कुलपति महोदय/अति. निजी सचिव, कुलसचिव/वित्त नियंत्रक, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
7. प्रभारी, मीडिया सेल, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
8. प्रभारी, इंटरनेट सेंटर, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।

उप–कुलसचिव